**Title:** Need to provide drinking water facilites in the Kandika region in Jammu.

**वैद्य विणु दत्त शर्मा (जम्मू) :** अध्यक्ष महोद्य, मैं मान्वता का प्रश्न उठाना चाहता हूं। जम्मू-कश्मीर के जम्मू प्रोवींस में कंडिका क्षेत्र है जो कि 200 मील लम्बा और 100 मील चौड़ा है। आजादी के 53 साल बीत जाने के बाद भी वहां के लोगों को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं है। जमीन के नीचे पानी नहीं है और बहते नाले भी नहीं हैं, जहां से लोग पानी ले सकें। इसलिए वहां के लोग तालाबों का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। मेरा केन्द्र के जल संसाधन मंत्रालय से अनुरोध है कि इस िवाय की ओर ध्यान दे। राज्य सरकार के

जल संसाधन विभाग ने भी उस इलाके को नेग्लेक्ट किया है। इसलिए पानी मुहैया कराना केन्द्र की प्राथमिकता है और वह जिम्मेदारी से जल संसाधन मंत्रालय के माध्यम से योजना बनाकर वहां के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराए।